

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF | BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS | शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 7 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 7 सितंबर का इतिहास

- **1906 :** बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना हुई।
- **2008 :** भारत-अमेरिका परमाणु करार के तहत एन.एस.जी. के 45 सदस्यों ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से परमाणु व्यापार की छूट दी।
- **1965 :** भारतीय सीमा पर चीन द्वारा सेना की तैनाती की घोषणा।
- **1931 :** लंदन में गोलमेज सम्मेलन का दूसरा सत्र शुरू हुआ।
- **1822 :** ब्राजील ने पुर्तगाल से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- **1950 :** हंगरी में सभी मठों को बंद किया गया।

## 7 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सवाईकल कैंसर के लिए वैक्सीन अगले कुछ ही महीनों में उपलब्ध हो जाएगी। मिडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने यह जानकारी दी कि सवाईकल कैंसर की वैक्सीन अगले कुछ महीनों में उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले इस टीके को देश में दिया जाएगा और बाद में दुनिया को देंगे। सवाईकल कैंसर की वैक्सीन बनना एक बहुत बड़ी कामयाबी हैं। अदार पूनावाला ने कहा कि सवाईकल कैंसर की वैक्सीन की कीमत 200 से 400 रूपये के बीच हो सकती है। हालांकि उन्होंने ये भी स्पष्ट रूप से कहा कि कीमतों को अभी तय नहीं किया गया है। गौरतलब है कि देश में सवाईकल कैंसर के खिलाफ जंग अब और आसान होगी।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने स्पेसएक्स को और एस्ट्रोनॉट मिशन का ऑर्डर दिया है। स्पेस एक्स इस दशक के अंत में नासा के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पाँच और अंतरिक्ष यात्री मिशन लॉन्च करेगा। इन मिशन की अनुबंध राशि 1.4 बिलियन डॉलर है। यह अनुबंध अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अंतरिक्ष यात्री उड़ानों के निरंतर संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एजेंसी के प्रयास का हिस्सा है।
- भारतीय नौसेना में पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत शामिल हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम में इसे देश को समर्पित कर दिया। कोचीन शिपयार्ड पर तैयार किए गए इस विमान वाहक पोत के निर्माण में 20,000 करोड़ रूपये की लागत आई है। इस पोत के आधिकारिक तौर पर शामिल होने से नौसेना की ताकत दोगुनी हो जाएगी।
- वरिष्ठ भारतीय सूचना सेवा अधिकारी वसुधा गुप्ता ने आकशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग की महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। 1989 बैच की आईआईएस अधिकारी गुप्ता ने 32 साल से अधिक के अपने करियर के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। 1988 बैच के आईआईएस अधिकारी एन वेणुधर रेड्डी 34 साल लंबे करियर के बाद आकाशवाणी के प्रधान महानिदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए।
- एम.जगदीश कुमार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अंतरिम प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया।
- कानपुर एयरपोर्ट पर सिविल कन्क्लेव प्रोजेक्ट का विकास कार्य इस साल के अंत पूरा हो जाएगा। विकास कार्य में एक नया टर्मिनल भवन और तीन ए-321 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त एप्रन शामिल है। नया टर्मिनल भवन आकार में 6,248 वर्ग मीटर है और इसे 143.6 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जा रहा है। पीक आवर्स में इसमें 300 यात्री बैठ कसते हैं। नया टर्मिनल भवन सभी आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस होगा। यह एक चार सितारा गृह रेटेड ऊर्जा कुशल भवन होगा।
- भारतीय जीवन बीमा निगम के लिए शेयर मार्केट ठीक साबित नही हुआ है। लंबे इंतजार के बाद जब कंपनी शेयर बाजार में उतरी तो आईपीओ के बाद डिस्काउंट पर लिस्टिंग हुई। इसके बाद लगातार इसके शेयरों में दाम कम होते गए हैं। इसका असर कंपनी के मार्केट कैप पर भी हुआ है।
- कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम इंडिया ने इंटरनेशनल काउंटर रैनसमवेयर इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में 13 देशों के साथ साइबर सुरक्षा अभ्यास सिनर्जी को सफलतापूर्वक डिजाइन और संचालित किया। यह अभ्यास इंटरनेशनल काउंटर रैनसमवेयर इनिशिएटिव-रेजिलिएशन वर्किंग ग्रुप के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था, जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के नेतृत्व में भारत कर रहा है। इस अभ्यास का विषय रैनसमवेयर हमलों से निपटने के लिए सुदृढ़ नेटवर्क बनाना था।
- आयुष राज्य मंत्री डॉ.मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई ने एआईआईए में सबसे प्रसिद्ध योग आसनों में से एक पर साक्ष्य आधारित शोध का एक संग्रह साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार नामक एक पुस्तक जारी की है। पुस्तक का संकलन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के स्वास्थ्य और योग विभाग AIIA द्वारा किया गया था।
- राजीव चंद्रशेखर केंद्रीय राज्य मंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ग्लोबलाइज टू लोकलाइज:एक्सपोर्टिंग एट स्केल एंड डीपनिंग द इकोसिस्टम आर वाइटल टू हायर डोमेस्टिक वैल्यू एडिशन शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की। रिपोर्ट इस बात की जांच करती है कि भारत 2025-26 तक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में 300 बिलियन अमरीकी डॉलर और निर्यात में 120 बिलियन अमरीकी डॉलर के अपने लक्ष्य तक कैसे पहुंच सकता है।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. 5वां राष्ट्रीय पोषण माह 2022 कब से कब तक मनाया जा रहा है ?**

(A) 1 सितंबर से 30 सितंबर तक
(B) 10 सितंबर से 30 सितंबर तक
(C) 15 सितंबर से 20 सितंबर तक
(D) 20 सितंबर से 5 अक्टूबर तक

**(A)** महिला और बाल विकास मंत्रालय 5वें राष्ट्रीय पोषण माह 2022 का आयोजन कर रहा है। यह अभियान 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा। पोषण अभियान 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी सुधार के लिए भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है।




**2. 64वें रेमन मैग्सेस पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया जाएगा ?**

(A) सोथियारा (छिम कंबोडिया की मनोचिकित्सक)
(B) तदाशी हतोरी (जापान के नेत्र रोग विशेषज्ञ)
(C) गैरी बेनचेघि (फ्रांसी की पर्यावरण कार्यकर्ता)
(D) उपर्युक्त सभी

**(D)** रेमन मैग्सेस पुरस्कार को एशिया के नोबेल पुरस्कार के रूप में भी जाना जाता है। इस साल चार लोगों को एक साथ रेमन मैग्सेस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार पाने वालों में तीन डॉक्टर और एक पर्यावरणविद शामिल है। रेमन मैग्सेस पुरस्कार एशिया के व्यक्तियों एवं संस्थाओं को उनके अपने क्षेत्र मं क्षेत्र में विशेष रूप से उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रदान किया जाता है।




**3. महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए किस राज्य सरकार ने महिला निधि ऋण योजना शुरू की है ?**

(A) कर्नाटक (B) नागालैंड
(C) राजस्थान (D) उत्तरप्रदेश

**(C)** इस योजना के तहत महिलाओं को व्यवसाय की आवश्यकताओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, इस योजना के जरिए महिला स्वयं सहायता समूह को मजबूत बनाने, बैंकों से ऋण दिलाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम किया जाएगा। इस योजना की मदद से कोई भी महिला 48 घंटे के अंदर 40 हजार तक का लोन ले सकती है।



**4. हाल ही में किसने अपने ग्राहक के लिए कैशबैक SBI कार्ड लॉन्च किया ?**

(A) पंजाब नेशनल बैंक (B) केनरा बैंक
(C) बैंक ऑफ बड़ौदा (D) भारतीय स्टेट बैंक

**(D)** इस कार्ड के जरिए आपको किसी में ऑनलाइन शॉपिंश साइट पर 5 प्रतिशत का कैशबैक जरूर मिलेगा। कैशबैक SBI कार्ड को खरीदने पर आपको साल में 999 रूपये रिन्यूअल चार्ज देना होगा। इस कार्ड के जरिए ग्राहक हर साल 2 लाख रूपये तक की शॉपिंग कर सकते है।




**5. हाल ही में में नई दिल्ली में सीएपीएफ ई-आवास वेब पोर्टल किसने लॉन्च किया ?**

(A) अमित शाह (B) अरविंद केजरीवाल
(C) राजनाथ सिंह (D) नरेंद्र मोदी

**(A)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सीएपीएफ ई-आवास वेब पोर्टल लॉन्च किया। CAPF eAwas वेब पोर्टल के शुभारंभ के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन है। देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने हेतु केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हमारे मजबूत और जरूरी स्तम्भ रहे हैं।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. किसानों के कल्याण के लिए 'रूरल बैकयार्ड पिगरी योजना' को किस राज्य सरकार ने शुरू किया है ?**

(A) मेघालय (B) झारखंड
(C) बिहार (D) उत्तराखंड

**(A)** किसानों के कल्याण के लिए मेघालय के मुख्यमंत्री कोनरोड के संगमा ने रूरल बैकयार्ड पिगरी योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान विभिन्न पशुधन खेती गतिविधियों के माध्यम से एक स्थायी आजीविका अर्जित कर सकें।।




**7. हाल ही में किसने साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार नामक पुस्तक का अनावरण किया?**

(A) डॉ.महेंद्र खन्ना (B) डॉ.मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई
(C) बाबा रामदेव (D) बाबा श्याम देव

**(B)** हाल ही में डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार नामक पुस्तक का अनावरण किया। डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई भारत के आयुष राज्य मंत्री है। इस पुस्तक के अनावरण का संकलन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के स्वास्थ्यवृत्त और योग विभाग द्वारा किया गया है।



**8. रैनसमवेयर हमलों से निपटने के लिए भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने किस देश की साइबर सुरक्षा एजेंसी के सहयोग से साइबर सुरक्षा अभ्यास सिनर्जी का संचालन किया है ?**

(A) अमेरिका (B) जापान
(C) सिंगापुर (D) इजराइल

**(C)** यह अभ्यास परिदृश्य वास्तविक जीवन की साइबर घटनाओं से लिया गया था, जिसमें घरेलू स्तर की रैनसमवेयर की एक घटना जटिल होकर वैश्विक साइबर सुरक्षा संकट का रूप ले लेती है। रैंसमवेयर एक मैलवेयर है, जिसमें एक प्रकार का दुर्भावनापूर्ण फिरौती मांगने वाला सॉफ्टवेयर है।



**9. राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2021 के अनुसार यातायात हादसों में सर्वाधिक मौतें किस राज्य में हुई ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र
(C) तमिलनाडु (D) मध्यप्रदेश


**(A)** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में यातायात संबंधी दुर्घटनाओं में 1,55,622 लोगों की जान गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 24,711 लोगों की मौत हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 के दौरान दो पहिया से सबसे अधिक जानलेवा सड़क हादसे हुए और कुल 69,240 मौत दर्ज की गई है। दोपहिया वान से सबसे अधिक हादसे तमिलनाडु में हुए जहां पर 8259 लोगों की जान गई है।




**10. खगोलविदों ने पहली बार नासा के किस टेलीस्कोप का उपयोग पृथ्वी के सोलर सिस्टम के बाहर किसी 'एक्सोप्लैनेट' की प्रत्यक्ष छवि लेने के लिए किया है ?**

(A) हबल स्पेस टेलिस्कोप (B) जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप
(C) प्रोटोन स्पेस टेलिस्कोप (D) स्विफ्ट गामा स्पेस टेलिस्कोप

**(B)** पहली बार खगोलविदों ने पृथ्वी के सोलर सिस्टम के बाहर ग्रह की तस्वीर लेने के लिए दुनिया के सबसे शक्तिशाली टेलेस्कोप जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप का इस्तेमाल किया है। इस टेलीस्कोप द्वारा ली गई एक्सोप्लैनेट की छवियाँ दूर की दुनिया के अध्ययन के लिए भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालती है।




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज